कार्यालयः— जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमंद

क्रमांकः 02 दिनांकः 12-02-2026

—: इश्तिहार रद्दी नीलामी सूचना :—

सर्वसाधारण एवं विशेषकर स्क्रेप का कार्य करने वाली इच्छुक फर्मों/व्यक्तियों/कबाड़ी जो वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत पंजीकृत है को सूचित किया जाता है कि जिला एवं सेशन न्यायालय, राजसमंद के अभिलेखागार में मुख्यालय पर उपलब्ध रद्दी पुस्तकें, रद्दी कागजों, विडिंगशुदा रद्दी, अखबार रद्दी, एक्सरे प्लेट्स, खाली कार्टन की नीलामी (जहां है, जैसा है, जिस स्थिति में है) के आधार पर लगभग 30—40 क्विंटल (कम या ज्यादा हो सकती है) नष्टीकृत कागजों की नीलामी जिला न्यायालय परिसर, राजसमंद में दिनांक 24-02-26 को कार्यालय समय में दोपहर 04:00 खुली बोली द्वारा की जावेगी। नीलामी की दरें प्रति कि.ग्रा. की दर से ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति या खरीददार किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में रद्दी कागजात एवं बोली शर्तों का अवलोकन कर सकते है। नीलामी शर्तों का अवलोकन कार्यालय में एवं विभाग की वेबसाईट https://rajsamand.dcourts.gov.in/hi/ पर कभी भी किया जा सकता है।

-sd-
अध्यक्ष
रद्दी नीलामी समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय
राजसमंद

क्रमांकः 154/रेकर्ड दिनांकः 12-02-2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमंद।
2. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायालय, राजसमंद/आम चौराहा, राजसमंद/नगरपरिषद/जिला परिषद, राजसमंद।
3. रेकर्ड कीपर, न्यायालय हाजा को निर्देशित किया जाता है कि स्थानीय कबाड़ियों को सूचित करावे।
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, राजसमंद को जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संपादक, दैनिक भास्कर, राजसमंद को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त नीलामी सूचना (न्यूनतम साइज में) डी.पी.आर. दर पर राज्य स्तरीय संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल मय अखबार इस कार्यालय को तुरंत भिजवायें।

अध्यक्ष
रद्दी नीलामी समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय
राजसमंद